दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 16／12／2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 05 मिनट

---

देश आज उन्नीस सौ इकहत्तर के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की एतिहासिक जीत में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में विजय दिवस मना रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राष्ट्र वीर सैनिकों के साहस और बलिदान का सम्मान करता है। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी उन्नीस सौ इकहत्तर के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, अप्रतिम शौर्य और अटूट संकल्प को याद करते हुए शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————————

भारतीय संविधान को संसद द्वारा अंगीकार किए जाने के पचहत्तर साल अगले वर्ष छब्बीस जनवरी को पूरे हो रहे हैं। इस उपलक्ष्य में दो दिन की विशेष चर्चा आज से राज्यसभा में भी शुरू हो गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल राज्यसभा में चर्चा का जवाब दे सकते हैं। गौरतलब है कि शुक्रवार और शनिवार को लोक सभा में संविधान पर विशेष चर्चा संपन्न हो चुकी है।

———————————————————

केंद्र सरकार ने कहा है कि उद्यम पोर्टल पर साढे पांच करोड़ से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग पंजीकृत हो चुके हैं। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने आज लोकसभा में एक प्रश्न के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में सांगठनिक क्षेत्र का दायरा बढ रहा है।

———————————————————

जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय झा ने कहा है कि आकाशवाणी के दरभंगा केंद्र से पहले की तरह ही कार्यक्रमों का प्रसारण जारी रहेगा। श्री झा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि

इस संबंध में केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव से बातचीत के बाद सकारात्मक जवाब मिला है। श्री झा ने कहा कि सूचना और प्रसारण मंत्री ने स्पष्ट किया है कि किसी भी स्तर पर ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है कि एक जनवरी दो हजार पच्चीस से आकाशवाणी दरभंगा के सत्तर प्रतिशत कार्यक्रम आकाशवाणी पटना से रिले किये जायेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि दरभंगा स्थित आकाशवाणी केंद्र में स्टूडियो का पुनरूद्धार और आधुनिकीकरण किया जा रहा है।

————————————————————

राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा है कि विद्यार्थियों को अपनी मेधा का उपयोग देश और समाज के विकास के लिए करना चाहिए। श्री आर्लेकर पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के चार शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि और विभिन्न संकायों में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले इकतीस छात्र–छात्राओं को गोल्ड मेडल प्रदान किया।

————————————————————

बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवातीय परिसंचरण का क्षेत्र बनने के कारण पूरबा हवा के प्रवाह से राज्य के अधिकांश भागों में तापमान में थोड़ी वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि राज्य के दक्षिणी भागों में भीषण ठंड की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार रोहतास जिले के डेहरी में शीत लहर दर्ज किया गया। यहां का न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकतर भागों में रात के तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। इसके साथ ही कटिहार, बांका, भागलपुर और मुंगेर समेत राज्य के दक्षिण–पूर्वी भागों में अनेक स्थानों पर सुबह और शाम के समय घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

————————————————————

पश्चिम चंपारण जिला मुख्यालय बेतिया के एमजेके कॉलेज में छह दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता की आज से शुरूआत हो गई।

————————————————————

जहानाबाद की जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने आज धरहरा में निर्माणाधीन राजकीय अन्य पिछड़ा वर्ग आवासीय प्लस–टू बालिका उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया।

———————————————————————

कैमूर जिला मुख्यालय, भभुआ में पुलिस अधीक्षक आवास के पास उत्पाद विभाग की टीम ने वाहन जांच के दौरान एक ट्रक से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।